एक नजर में

## लोटस इंटरनेशनल स्कूल में मकर संक्रांति का उत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न



**नागदा/धार ।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर लोटस इंटरनेशनल स्कूल कानवन परिसर में उल्लासपूर्ण वातावरण देखने को मिला, इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भारतीय पारंपरिक खेलों का भरपूर आनंद लिया। बच्चों ने पतंग उड़ाई, डेलीइंडडे सहित अनेक पारंपरिक खेल खेले, जिससे दिन भर उत्साह और आनंद बना रहा। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ना तथा उनमें खेल भावना, सहयोग और आनंद का विकास करना रहा। विद्यालय के संचालक शैलेन्द्र सिंह सोलंकी एवं प्राचार्य प्रवीण अत्रे ने इस अवसर पर समस्त अभिभावकों एवं देशवासियों को मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति अंधकार से प्रकाश, निराशा से आशा और नकारात्मकता से सकारात्मकता की ओर अग्रसर होने का संदेश देती है।

## मतदाता सूची के शुद्धिकरण को लेकर भाजपा की बैठक आयोजित



**कुक्षी ।** एसआईआर अभियान को लेकर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल और ग्रामीण मंडल के %बीएलए-2 एवं शक्ति केंद्र प्रभारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची के सत्यापन और सुधार कार्य की समीक्षा करना था। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष एवं एसआईआर प्रभारी विनोद शर्मा ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि फ्रलोकतंत्र को मजबूत करने के लिए एक सटीक मतदाता सूची अनिवार्य है। हमारा लक्ष्य है कि कोई भी पात्र मतदाता छूटने न पाए और किसी भी अपात्र या गलत व्यक्ति का नाम सूची में न रहे। इसके लिए कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर भौतिक सत्यापन करना होगा।शर्मा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि विपक्ष द्वारा मतदाता सूची को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है, जबकि वास्तविकता यह है कि केवल उन्हीं नामों को हटाया जा रहा है जो दोहरी प्रविष्टि एक से अधिक जगह नाम वाले हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने और आम नागरिकों को जागरूक करने की अपील की। बैठक के दौरान नवनियुक्त ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सेप्टा और ग्रामीण जिला महामंत्री महेंद्र सिंह मेरती का अंगवस्त्र पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक मुकाम सिंह किराड़े, वरिष्ठ नेता मोहन चोपडीया, नगर मंडल अध्यक्ष युवराज सेप्टा, ग्रामीण अध्यक्ष पप्पू देसाई, पूनम कसेरा, ओपी पाटीदार, भूपेंद्र ब्रजवासी, देवाराम मुकाती, विनोद बडग्यार, खड़गसिंह और सरबत सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्री मां अंबिका आश्रम बालीपुर धाम में ऑनलाइन देवी पाठशाला



**मनावर ।** श्री मां अंबिका आश्रम बालीपुर धाम में ऑनलाइन देवी पाठशाला के आचार्य पण्डित योगेश पाण्डेय के मार्गदर्शन में विप्र समाज द्वारा श्री दुर्गा सप्तशती देवीपाठ तथा सत्संग का आयोजन किया गया। आश्रम बालीपुर धाम में विप्र शिष्य मंडली के सदस्य पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र , उत्तरप्रदेश तथा मध्यप्रदेश के ग्वालियर, इंदौर, खरगोन महेश्वर, सनावद, बड़वाह, मंडलेश्वर, बड़वानी, सिंघाना, मनावर से भारी तादाद में पहुंचे। प्रात :काल आचार्यगणों का पाद प्रक्षालय कर स्वागत किया गया। उपस्थित सैकड़ों शिष्यों की उपस्थिति में जिनमें मातृ शक्ति बहुतायत रूप में उपस्थित रही। इस अवसर पर गुरु पूजन आरती की गई। सन्त योगेश महाराज और सन्त सुधाकर महाराज का पुष्प, श्रीफल तथा शाल भेंट कर अभिनंदन किया गया। गुरु महाराज और आचार्य पण्डित प्रदीप मंडलोई द्वारा आचार्य मंडली में आचार्य पण्डित विष्णु तिवारी गुना, प .पवन शर्मा जयपुर, भगवताचार्य प .केदार शुक्ला लखनवास, सनातन संस्कृति संस्थान के प .अमरीश तिवारी लखनऊ का पुष्प हार शाल श्रीफल भेंट कर पारंपरिक अभिनंदन किया गया। सुबह से शाम तक सामूहिक पाठ किया गया। गुरुजी द्वारा पाठशाला के दक्ष शिष्यों को उपहार स्वरूप पुराण और वैदिक साहित्य भेंट किए गए। पंडित योगेश पांडे आचार्य का शिष्य मंडली द्वारा शाल श्रीफल और स्वर्ण चैन तथा गुरुमाई को चुनरी वस्त्र श्रृंगार सामग्री भेंट कर सम्मान किया गया। भोजन प्रसादी के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन किया गया।

## त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक हुई



**सिघाना ।** आगामी त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने संबंध में ग्राम पंचायत सिंघाना में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया बैठक में बसंत पंचमी उत्सव एवं अन्य तीज त्योहारों उत्सव आगामी कार्यक्रमों के संबंध में शांति समिति बैठक में चर्चा की बैठक में मनावर तहसीलदार विजय तलवारे, मनावर बृजेश मालवीय , मनावर पुलिस थाना प्रभारी ईश्वर सिंह चौहान सिघाना पुलिस चौकी प्रभारी सुशील यदुवंशी ने शांति समिति बैठक में मार्गदर्शन करते हुए कहा कि समाज सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखें प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया समाचार पत्रों में संयमित तरीके से समाचार प्रसारित करें सोशल मीडिया के दुरुपयोग को रोकने और प्रशासन का सहयोग करें कोई भी ऐसा मैसेज नहीं जिससे शांति व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े साथ ही वर्तमान में पेयजल की व्यवस्था को लेकर भी ग्राम पंचायत सिघाना प्रशासन को भी अपने सुचारू व्यवस्था एव ग्राम में हो रहे मार्ग अवरुद्ध मार्ग को लेकर भी दिशा निर्देश किया इस बैठक में राजस्व विभाग अधिकारी अरविंद यादव, पटवारी बीसी कानूनगो सिंघाना उप सरपंच संदीप अग्रवाल. भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विजय राठौर, मगन सिंह भाटिया बबलू सिंगर मंडल महामंत्री गौतम परिहार. विनोद सरगरा पत्रकार दिलीप राठौर गोपाल बर्फा, दिनेश पांडे. , शक्ति शर्मा चेतन जिराती सनी राठौर मुस्लिम जमात सदर कलीम खान, नायब सदर पत्रकार फिरोज खान आर के, जफरुद्दीन भाई, पत्रकार कलीम खान, असलम भाई , आदि ग्रामीण जन एवं पत्रकार गण एवं जनप्रतिनिधि बैठक में सम्मिलित हुए...

# हनी ट्रैप व दो करोड़ की ब्लैकमेलिंग का आरोप, सख्त कार्रवाई की मांग

▶ विधायक कालूसिंह ठाकुर ने लगाया सनसनीखेज आरोप

**धार ।** जिले की धरमपुरी विधानसभा से भाजपा विधायक कालू सिंह ठाकुर ने एक सनसनीखेज आरोप लगाते हुए कहा है कि उनके विधानसभा क्षेत्र के गवलियावाड़ी निवासी श्रीमती दीपिका ठाकुर, एक मुस्लिम युवक आसिफ अली के साथ मिलकर उन्हें हनी ट्रैप में फंसाने व ब्लैकमेल करने की कोशिश कर रही है। विधायक का आरोप है कि उनसे गाड़ी-घोड़े सहित करीब 2 करोड़ रुपये की मांग की गई।

विधायक कालू सिंह ठाकुर ने पत्रकार वार्ता में बताया कि वे महिला दीपिका ठाकुर को पहले से नहीं जानते थे। 23 दिसंबर को उक्त महिला धामनोद स्थित उनके स्थानीय कार्यालय पर मदद के लिए पहुंची थी, लेकिन उस समय वे भोपाल में थे। विधायक के भोपाल से वापस न आने पर महिला एक दिन कार्यालय पर ही रुकी रही।इसके बाद महिला ने विधायक को फोन कर बताया कि उसने भोपाल में किराए पर मकान लिया है और वहां से सामान उठाना है। इसके अगले दिन महिला विधायक के भोपाल स्थित आवास पर पहुंच गई और 15 हजार रुपये की मदद मांगी। विधायक ने इतनी राशि देने से इनकार कर दिया, जिसके कुछ देर बाद महिला वहां से चली गई।विधायक के अनुसार, करीब डेढ़ घंटे बाद महिला ने अपने मुस्लिम साथी आसिफ अली के साथ मिलकर फोन पर गाली-गलौज की और कानूनी रूप से फंसाने की धमकी देते हुए उनसे करीब 2 करोड़ रुपये की मांग की। इस घटनाक्रम के बाद विधायक कालू सिंह ठाकुर ने तत्काल इंदौर आईजी और धार एसपी मयंक अवस्थी को फोन कर पूरे मामले की जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने धार पहुंचकर कलेक्टर को लिखित शिकायत पत्र भी सौंपा। शिकायत में विधायक ने आरोप लगाया कि संबंधित मुस्लिम युवक ने लव जिहाद के तहत हिंदू महिला से विवाह किया है और अब उसी के साथ रहकर उन्हें व क्षेत्र के अन्य लोगों को फंसाने की कोशिश की जा रही है।



> विधायक ने प्रशासन से इस पूरे मामले में निष्पक्ष जांच व सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने यह भी बताया कि इस मामले से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को अवगत कराते हुए न्याय की गुहार लगाई गई है। पत्रकार वार्ता में विधायक कालू सिंह ठाकुर ने पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी पर भी आरोप लगाए। विधायक का कहना है कि जब वे शिकायत लेकर एसपी से मिलने पहुंचे, तो उनकी बात गंभीरता से नहीं सुनी गई और उल्टा यह कहा गया कि उन पर ही मामला दर्ज किया जा सकता है। फिलहाल इस पूरे मामले को लेकर पुलिस व प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।





# मकर संक्रांति पर दिखा आस्था, परंपरा और उत्साह का संगम

▶ गोशाला से भंडारे तक उमड़ा जनसैलाब

**बदनावर ।** बुधवार को मकर संक्रांति का पर्व पूरे नगर व आसपास के क्षेत्र में उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया, जहां सुबह से ही आकाश रंगीन पतंगों से भर गया और हर ओर उत्सव का माहौल दिखाई दिया, इसी क्रम में श्री लक्ष्मी गोशाला में प्रातः 8 बजे से श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हुआ, जहां गौ पूजन कर गोवंश को हरा चारा व गुड़ अर्पित किया गया, इस अवसर पर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव भी पहुंचे और पूजा-अर्चना के बाद गोशाला परिसर का निरीक्षण कर चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली, जिसे ट्रस्ट के सुशील कुमार टच, भेरूलाल पंड्या, प्रह्लाद यादव, राजेंद्रसिंह पंवार एवं बसंतीलाल पाटीदार ने विस्तार से अवगत कराया, कार्यक्रम में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मनीष गुर्जर व जिला उपाध्यक्ष प्रेमचंद परमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे, वहीं निचलावास स्थित श्री धर्मराज बजरंग व्यायामशाला में धर्मराज व्रत उद्यापन का आयोजन हुआ, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन में बैठे दंपत्तियों ने आहुतियां दीं और पूर्व मंत्री दत्तीगांव ने महाआरती में भाग लेकर धार्मिक अनुष्ठान को पूर्णता प्रदान की, आयोजन के पश्चात विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की, इस दौरान उस्ताद भरत मुकाती, परमानंद पहलवान, अशोक पहलवान, विनोद हारोड़ व राकेश माली ने अतिथियों का स्वागत किया, साथ ही नगर परिषद उपाध्यक्ष राजेंद्रसिंह पंवार, पार्षद जितेंद्र शर्मा, संतोष चौहान, दीपक जाधव, संतोष राव, भेरूलाल डावर, मोहनसिंह चौहान, मीतेश शर्मा और पंकज ठाकुर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, उधर युवाओं ने डीजे की धुनों पर पतंगबाजी कर उत्सव को आधुनिक रंग दिया, घर-घर तिल से बने व्यंजन तैयार हुए और पशु-पक्षियों के लिए भी चारे की व्यवस्था की गई, खास बात यह रही कि सरकारी कॉलेज मैदान में युवाओं द्वारा गिल्ली-डंडा खेलकर पारंपरिक खेलों को फिर से जीवंत किया गया, जिससे यह पर्व आस्था, संस्कृति और नई पीढ़ी के उत्साह का सुंदर प्रतीक बनकर सामने आया।

## चाईनीज मांझा बेचने वाले के विरुद्ध मनावर पुलिस की कार्रवाई

**मनावर ।** पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी द्वारा चाइनीज मांझा के उपयोग, विक्रय एवं भंडारण करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश पर विजय डावर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एंव बृजेश कुमार मालवीय, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) मनावर के उचित मार्गदर्शन में थाना मनावर को प्राप्त हुई सूचना के आधार पर मनावर क्षैत्र में चाइनीज मांझा के उपयोग, विक्रय एवं भंडारण पर प्रतिबंध के बावजूद अवैध रूप से रखे जाने की सूचना प्राप्त कर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। इसी क्रम में थाना मनावर पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए एक बंडल चाइनीज मांझा किमती 1200 रूपये का मनोहर सिंह पिता कांजी चौहान जाति राजपूत निवासी अंबिका कॉलोनी मनावर को बेचते मौके से पकड़ा गया। चाइनीज मांझा अत्यंत धारदार एवं घातक होता है, जिससे आम नागरिकों, दोपहिया वाहन चालकों तथा पशु-पक्षियों के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न होता है। इसके उपयोग से कई बार गंभीर चोट एवं दुर्घटनाएं घटित हो चुकी हैं। पुलिस द्वारा मनोहरसिंह के विरुद्ध प्रचलित कानूनों के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है। साथ ही आमजन से अपील की जाती है कि चाइनीज मांझा का उपयोग, खरीद-फरोख्त अथवा भंडारण न करें। यदि कहीं भी चाइनीज मांझा का अवैध उपयोग या विक्रय होता दिखाई दे तो तत्काल नजदीकी पुलिस थाना को सूचना दें।जनसुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# राजा हरिनारायण सिंह पंवार का 65वां जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया

**बदनावर ।** बखतगढ़ में आज कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने वाले राजा हरिनारायण सिंह जी पवार का 65वां जन्मदिन हर्षोल्लास और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया, सुबह से ही क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, शुभचिंतकों, कार्यकर्ताओं तथा ग्रामीण अंचल से आए लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके दीर्घायु जीवन की कामना की, इस अवसर पर किसी राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन के बजाय आत्मीयता, सादगी और सामाजिक समरसता का भाव प्रमुख रूप से दिखाई दिया, कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कहा कि राजा हरिनारायण सिंह जी पवार वर्षों से कांग्रेस संगठन से जुड़े रहने के बावजूद राजनीति से अलग हटकर अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाने में सफल रहे हैं, बदनावर क्षेत्र सहित आसपास के गांवों में उन्हें एक ऐसे व्यक्तित्व के रूप में देखा जाता है जो समाज के हर वर्ग से सहज संवाद स्थापित करता है, उनका स्वभाव सरल, व्यवहार विनम्र और सोच संतुलित मानी जाती है, यही कारण है कि विभिन्न विचारधाराओं से जुड़े लोग भी उनके प्रति सम्मान भाव रखते हैं, जन्मदिन के अवसर पर वक्ताओं ने उनके सामाजिक योगदान को रेखांकित करते हुए बताया कि शिक्षा, जरूरतमंदों की सहायता, आपसी विवादों के समाधान और सांस्कृतिक गतिविधियों में उनकी सक्रिय सहभागिता रही है, युवाओं को सकारात्मक मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना भी उनके कार्यों का अहम हिस्सा रहा है, समारोह के दौरान बुजुर्गों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा संवाद और समझदारी को प्राथमिकता दी, आयोजन स्थल पर शांतिपूर्ण माहौल, पारस्परिक सहयोग और आपसी भाईचारे की झलक देखने को मिली, कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ जिसमें समाजहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया गया।





# नगर गौरव मुनि प्रभात सागर जी महाराज का प्रथम नगर आगमन

**मनावर ।** जिला धार।। पुष्पगिरी तीर्थ प्रणेता आचार्य श्री 108 पुष्पदंत सागर महाराज,ऋषि तीर्थ प्रणेता आचार्य 108 प्रसन्न ऋषि जी गुरुदेव के संघस्थ नगर गौरव मुनि श्री प्रभात सागर जी महाराज का प्रथम नगर आगमन हुआ। मुनि संघ के आगमन पर समाज के लोगों ने बैंड बाजे के साथ बडी धूमधाम से स्वागत किया गया। जगह जगह नगरवासियों ने भव्य आगवानी की। बड़ी संख्या में जैन समाज व सर्व समाज के लोग इंदोर रोड खंडेलवाल पैट्रोल पम्प पर पहुचे जहां से चल समारोह नगर के मुख्य मार्गों से होता हुआ जैन मंदिर पहुंचा। चल समारोह में भक्तों ने जगह जगह फुलों से स्वागत किया गया।

गांधी चौराहा पर आचार्य व मुनिश्री का जेसीबी मशीन से पुष्प वर्षा कि कि गई। समाज के दैवेन्द्र जैन ने बताया कि मुनि श्री प्रभात सागर जी महाराज दीक्षा उपरांत प्रथम बार गृह नगर मनावर पधारे। इस अवसर पर आचार्य श्री पुष्पदंत सागर जी महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुनि श्री प्रभात सागर जी महाराज तीर्थंकर आदिनाथ जी के बताएं मार्ग पर चले आदिनाथ जी ने असी, मसी कृषी और अंत में ऋषि बताया उसी का अनुसरण करते हुए मुनि श्री प्रभात सागर जी ने कृषि भी की और ऋषि भी हो गए। जैन समाज के अलावा सर्व समाज के जनप्रतिनिधियों पुर्व सांसद छतरसिंह दरबार, नगर पालिका अध्यक्ष अजय पाटीदार, वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण सोनी एवं जितेन्द्र जैन ने पुष्पों से स्वागत किया। चल समारोह में जैन समाज के लोगों ने जगह-जगह सभी मुनियों की पाद प्रक्षालन कर आरती उतारी।

**एक नजर** ▶ ऐतिहासिक एवं धार्मिक सात माता देवी मेला पूरे शबाब पर, संक्रांति पर उमड़ी भारी भीड़

# सात माता देवी जी का मेला लगा, बच्चों के साथ उनके अभिभावकों ने झूले का लुत्फ उठाया

**बाकानेर । ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल श्री सात माता देवी जी मेला मकर सक्रांति से अपने पूरे शबाब पर है। बुधवार को संक्रांति पर्व होने के कारण मेले में भारी भीड़ रही ।मुख्य आकर्षक नाव झूला हवाई झूला मिकी माउस , बच्चों के चकरी झूले मुख्य आकर्षण का केंद्र है । मेले में खास रूचि युवाओं की दिखी। चकरी झूले की ओर बच्चों का रूझान अधिक रहा, बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी झूले में बैठ लुत्फ उठाते नजर आए।**

करीब एक माह तक चलने वाले पारंपरिक मेले का उत्साह चरम पर दिखाई दिया। ग्राम पंचायत ने मेले में सफाई एवं सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं । ।गरमा गरम जलेबी मिर्ची आलू बड़े एवं भेल एवं चाट की दुकानों पर अधिक भी? दिखाई दे रही है, जबकि सौंदर्य प्रसाधन एवं घरेलू सामग्री वाली दुकानों पर महिलाओं की भी? जुटी रही। साथ ही फोटो स्टूडियो पर भी बड़ी संख्या में लोग फोटो खिंचवा रहे हैं।

इस बार मेला प्रबंधन समिति द्वारा मेला स्थल पर भव्य रूप से प्रकाश की व्यवस्था कराई गई। विशाल झूले व अन्य स्थानों पर लगी आकर्षक झालर इसकी शोभा को और बढ़ा रही थी। देर रात तक भी? यहां जुटी रहती है। ऐतिहासिक एवं धार्मिक सात माता देवी जी मेला धार जिले का सबसे पुराना मेला कहा जाता है। मान्यता है कि असाध्य रोगों से पीड़ित व्यक्ति यहां माता जी के कुंड में हर मंगलवार स्नान करने आते हैं और स्वस्थ होने के पश्चात मेले में आकर माता जी को भोग लगाते हैं। मंगलवार के दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता जी के दर्शन के पश्चात मेले में खरीदारी करते हैं। पुलिस चौकी प्रभारी प्रशांत पाल दलबल के साथ मेले में सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर सक्रिय रहे।





